(i) **Printed Pages : 4** **Roll No. ...............................**

(ii) **Questions : 9**

**Sub. Code : 0 1 0 8**

**Exam. Code : 0 0 0 2**

**B.A./B.Sc. (General) 2nd Semester**

**(2042)**

**HINDI (Elective)**

**Time Allowed : Three Hours]** **[Maximum Marks : 90**

**नोट :—सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. (क) निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या करें :—

(i) पग घुघरू बांध मीरा नाची रे।।
मैं तो मेरे नारायण की आपहि हो गई दासी, रे।
लोग कहैं मीरा भई बावरी, न्यात कहैं कुलनासी, रे।
विष का प्याला राणाजी भेज्या, पीवत मीरा हांसी, रे।
मीरा के प्रभु गिरधर नागर, सहज मिले अविनासी, रे।।

(ii) साई एकै गिरि धरयौ गिरिधर, गिरिधर, होय।
हनूमान बहु गिरि, धर्यौ, गिरिधर, कहै न कोय।
गिरिधर, कहै न कोय, हनू द्रोनागिरि, लायो।
ताको कनुका टूटि पर्यौ, सो कृष्ण उठायो।।
कह गिरिधर, कविराय, बड़न की बड़ी बड़ाई,
थोरे ही जस होय, जसी पुरुषन की साई। 8

(ख) मीराबाई की साहित्यिक विशेषताएं लिखें।

अथवा

अंगद-रावण संवाद का सार लिखें। 8

2. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों का उत्तर दें :—

(क) 'झाँसी की रानी' उपन्यास के आधार पर राजा गंगाधर राव की चरित्रगत विशेषताएं लिखें।

(ख) 'झाँसी की रानी' उपन्यास का उद्देश्य स्पष्ट करें।

(ग) झाँसी की रानी उपन्यास के नामकरण की सार्थकता पर प्रकाश डालें।

(घ) 'झाँसी की रानी' उपन्यास की कथावस्तु की विशेषताएं लिखें। 8+8

3. 'संतकाव्य की विशेषताएं लिखें।

अथवा

कृष्णकाव्य की विशेषताओं पर प्रकाश डालें। 8

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **दस** प्रश्नों का उत्तर दें :—

(क) मीराबाई के पति की मृत्यु कैसे हुई थी ?

(ख) मीरा हिन्दी साहित्य के किस काल की कवयित्री है ?

(ग) श्री कृष्ण से मीरा अपना क्या संबंध मानती थी ?

(घ) राम और सीता ने पहली बार एक दूसरे को कहाँ देखा था ?

(ङ) तुलसीदास ने अपनी जाति-पाति के विषय में क्या कहा है ?

(च) परशुराम पर व्यंग्य करने का साहस किसने किया था ?

(छ) गिरिधर, की कुंडलियों में मुख्य रूप से किसे महत्व दिया गया है ?

(ज) मनू के बचपन के साथी कौन-कौन से थे ?

(झ) झाँसी के विधुर, राजा का क्या नाम था ?

(ञ) गंगाधर राव ने किस बालक को गोद लिया था ?

(ट) रानी ने गुलामगौस को पुरस्कार, में क्या दिया था ?

(ठ) राममार्गी शाखा के प्रमुख कवि का नाम लिखें।

(ड) सूरदास की काव्यभाषा का नाम लिखें।

(ढ) पद्मावत के नायक और नायिका का नाम लिखें।

(ण) भक्तिकाल का आरंभ कब से माना जाता है ? 10

5. उपन्यास का वर्गीकरण स्पष्ट करें।

अथवा

उपन्यास की परिभाषाएं स्पष्ट करें। 7

6. किन्हीं **पाँच** मुहावरे और लोकोक्तियों के अर्थ बताकर वाक्य बनाएं :—

(1) हाथ तंग होना

(2) घोड़े बेचकर सोना

(3) चंपत होना

(4) नाको चने चबाना

(5) नानी याद आना

(6) राई का पहाड़ बनाना

(7) सूरज को दीपक दिखाना

(8) सांप मरे ना लाठी टूटे। 10

7. किसी **एक** विषय पर अनुच्छेद लिखें :—

(1) आँखों देखी दुर्घटना का दृश्य।

(2) संगठन में शक्ति है।

(3) स्वास्थ्य ही धन है। 10

8. अपने मित्र अथवा सखी को पत्र लिखें जिसमें अपने जीवन लक्ष्य पर, प्रकाश डाला गया हो।

**अथवा**

अपने छोटे भाई को पत्र लिखें जिसमें अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला गया हो। 8

9. किन्हीं पाँच पारिभाषिक शब्दावली के हिन्दी रूप लिखें :—

Offence, Modification, Planning, Seal, Reference, Stock, Up-To-date, Write-off. 5